झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग**

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शिकायत)–गिरिडीह / PDS –99 / 2021 – 300

प्रेषक,

**संजय कुमार,**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 13.03.2024

विषयः– **श्री राजेश कुमार बंसल, जिला अध्यक्ष–सह–प्रदेश सचिव, फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन, झारखण्ड (जिला गिरिडीह) से प्राप्त आवेदन पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि श्री राजेश कुमार बंसल, जिला अध्यक्ष–सह–प्रदेश सचिव, फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन, झारखण्ड (जिला गिरिडीह) का आवेदन पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदन में गिरिडीह जिले में डोर स्टेप डिलीवरी के संवेदक द्वारा PDS विक्रेताओं को बिना वजन के एवं 2–3 क्वीन्टल कम अनाज देने, चना दाल की बोरी में निर्धारित संख्या से कम संख्या में चना दाल का पैकेट रहने, जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को खाद्यान्न वितरण के 3–4 माह बाद भी डीलर मार्जिन मनी नहीं दिये जाने, माह दिसम्बर 2022 का PMGKAY के तहत् मिलने वाले खाद्यान्न को DSD द्वारा ऑनलाईन डिसपैच दिखाकर PDS दुकानो तक उक्त अनाज नहीं भेजे जाने सहित कुल–10 बिन्दुओं पर कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः प्राप्त आवेदन पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

13/3/24

**(संजय कुमार)**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx718

427 27.2.24 (1711) 23/02/24 M.S. Take Action 27/02/24 (322)

"संघे शक्ति कलियुगे"

# ऑल इण्डिया फेयर प्राईस शॉप डीलर्स फेडरेशन

Reg. No. District East/Sociaty/273-2011 of Govt. of NCT. of Delhi

की झारखण्ड राज्य ईकाई


**राजेश कुमार बंसल**
जिला अध्यक्ष, गिरिडीह
प्रदेश सचिव, झारखण्ड


## फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन, झारखण्ड
**(जिला- गिरिडीह)**


कार्यालय पता
पचम्बा SBI रोड गिरिडीह
Mob. 7209862305
7004918199



प्रखण्ड अध्यक्ष
गिरिडीह नगर
अमित कुमार
9304319034

गिरिडीह प्रखण्ड
गोपाल विश्वकर्मा
9470958209

डुमरी
केदार वर्णवाल
9431505526

देवरी
अजय कुमार पाण्डेय
9470367225

बगोदर
रामचन्द्र यादव
7903068410

बिरनी
हरिहर दास
6207221349

सरीया
राजेश वर्मा
7991193121

जमुआ
सुरंजन सिंह
9162346730

तीसरी
रामचरित्र यादव
7890449056

गाँवा
धिरज सिंह
8252254641

राजधनवार
विदयाभुषण सिंह
8292463464

बंगाबाद
राम रतन राम
9939681111

गाण्डेय
रामनरेश भारती
9955702830

पिरटाँड
दिगम्बर सिंह
9430148490


पत्रांक 1/2/24

दिनांक 22/02/24

सेवा में ,

1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय, झारखंड सरकार,
2. माननीय मंत्री,खाद्य सार्वजनिक वितरण एव उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार,
3. माननीय अध्यक्ष झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची झारखंड
4. माननीय, सचिव खाद्य सर्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार,
5. माननीय ,विशेष कार्य पदाधिकारी खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार,
6. माननीय, गिरीडीह विधायक
7. माननीय, उपायुक्त गिरिडीह,
8. जिला आपूर्ति पदाधिकारी गिरिडीह,

**विषयः <u>गिरिडीह जिले के लगभग 2100 जन वितरण विक्रेताओं की क्रमवार समस्या के निवारण के संबंध में विनम्र आग्रह।</u>**

महाशय,

निवेदन पूर्वक कहना है कि गिरिडीह जिले में हम लोगों को काफी समस्या है जो क्रमवार इस प्रकार है।

1. गिरिडीह जिले में किसी भी डोर स्टेप डिलीवरी के संवेदक के द्वारा जन वितरण विक्रेता की दुकान में खाद्यान्न वजन करके नहीं दिया जाता है जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन है। अधिनियम में स्पष्ट रूप से दर्ज है कि डोर स्टेप डिलीवरी के संवेदक के द्वारा दुकान में पूर्ण रूप से वजन करके आवंटन के अनुरूप खाद्यान्न दिया जाएगा। प्रत्येक जन वितरण विक्रेताओं को दो से तीन क्विंटल खाद्यान्न आवंटन के अनुरूप कम मिलता है।
2. सितंबर माह 2023 की जो चना दाल जनवरी माह 2024 में हम लोगों की दुकान में मिली है उसमें 20 Kg की बोरी में 18 Kg और 19 Kg

Rajesh Kumar Bansal

चना दाल की पैक़ेट निकलती है जिसकी सूचना हमने जिला आपूर्ति पदाधिकारी और गोदाम के सहायक गोदाम प्रबंधक को दी है।

3. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में स्पष्ट रूप से दर्ज है कि जन वितरण विक्रेताओं की डीलर मार्जिन एडवांस में आवंटन वितरण के अनुरूप दी जाएगी लेकिन गिरिडीह जिले में वितरण के तीन–चार महीने के बाद भी डीलर मार्जिन मनी नहीं मिलती है। और वित्तीय वर्ष 2023–24 का जनवरी–फरवरी एवं मार्च की बकाया डीलर मार्जिन मनी गिरिडीह जिले में बहुत से जन वितरण विक्रेताओं को आज तक नहीं मिली है जबकि विभागीय आदेश के अनुसार 2024 मार्च तक झारखंड सरकार के द्वारा डीलर मार्जिन मनी की सभी राशि जिले में भेज दी गई है।
4. गिरिडीह जिले में बहुत से प्रखंडों में दिसंबर 2022 माह के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मिलने वाले खद्यान्न को डीएसडी के द्वारा ऑनलाइन डिस्पैच दिखाकर जन वितरण प्रणाली की दुकानों में आज तक नहीं भेजा गया है इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषी पाए जाने पर संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की कृपा करें।
5. गिरिडीह जिले में जो भी खाद्यान्न घोटाला विगत में हुआ है उसमें डोर स्टेप डिलीवरी की भूमिका महत्वपूर्ण दिखती है, जिसकी जांच झारखंड के वरीय पदाधिकारी कर रहे हैं ऐसे संवेदक को ब्लैक लिस्ट करके वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है।
6. सहायक गोदाम प्रबंधक और डोर स्टेप डिलीवरी के संवेदक के द्वारा समय पर खाद्यान्न मुहैया नहीं कराया जाता जिसके कारण लाभुकों के बीच वितरण समय पर नहीं हो रहा है माह की अंतिम तारीख तक वितरण किया जाता है। वन मंथ वन साइकिल के अंतर्गत माह के अंदर ही खाद्यान्न का वितरण करना होता है। अतः श्रीमान से निवेदन है कि माह की 10 तारीख तक उसी माह का खाद्यान्न सभी जन वितरण विक्रेताओं की दुकान पर पहुंचाने की व्यवस्था करने की कृपा करेंगे।
7. जनवरी माह में आवंटन और R.O. के बावजूद गिरिडीह प्रखंड और गिरिडीह नगर में गेहूं किसी भी जन वितरण विक्रेता को नहीं मिला जिसके कारण किसी भी लाभुक को जनवरी 2024 में गेहूं का वितरण नहीं हो सका।

8. जिला आपूर्ति कार्यालय में आवंटन को स्थानांतरित करने के प्रावधान के बावजूद भी जो जन वितरण विक्रेता निलंबन से मुक्त कर दिए जाते हैं उन लोगों को तीन–तीन महीना तक जिला के द्वारा आवंटन नहीं दिया जाता है ।
9. झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत ग्रीन कार्ड में मिलने वाले 5 Kg प्रति व्यक्ति चावल मई 2023 का किसी भी डीलर को नहीं मिला है, अवशेष से वितरण करने का आदेश विभाग के द्वारा प्राप्त है, लेकिन जिस जन वितरण विक्रेता के पास अवशेष नहीं है या वितरण कर चुका है, जून 2023 का चावल सभी जन वितरण विक्रेताओं को भेज दिया गया है लेकिन इपोस मशीन के द्वारा वितरण नहीं हो पा रहा है, जिससे लाभुकों के रोष का शिकार हम लोगों को होना पड़ रहा है, जून माह का वितरण जल्द से जल्द खुलवाने की कृपा करेंगे।
10. E-POS मशीन और E-SCALE की मरम्मती के नाम पर ऑपरेटर के द्वारा डीलर को परेशान किया जाता है।

अतः श्रीमान से गिरिडीह जिले के हम 2100 जन वितरण विक्रेता गुहार लगाते हैं कि हमारी समस्याओं को देखते हुए इससे हमें इन समस्याओं से निदान दिलाने की कृपा करेंगे। इसके लिए हम सभी जन वितरण विक्रेता आपके सदा आभारी रहेंगे।

Rajesh Kumar Bansal

राजेश कुमार बंसल

जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव

गिरीडीह,झारखंड